एक्सप्रेस वे के किनारों पर औद्योगिक गलियारे बनेंगे

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तैयार होकर अब चालू होने को है। इसके साथ ही इस एक्सप्रेसवे के दोनों ओर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए आजमगढ़, सुलतानपुर व अम्बेडकर नगर जिले में लॉजिस्टिक पार्क, टाउनशिप, वेयरहाउस आदि बनाए जाएंगे। इसके लिए यूपीडा जल्द पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास बनने वाले औद्योगिक गलियारे के लिए सलाहकार एजेंसी का चयन करेगी। यह एजेंसी बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के लिए भी सलाह देगी।

लखनऊ, उन्नाव, अमेठी, प्रतापगढ़, औरैया, प्रयागराज में पहले से औद्योगिक गलियारे विकसित करने के लिए काम हो रहा है। अब पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते पड़ने वाले आजमगढ़, सुलतानपुर, अम्बेडकरनगर व गोरखपुर के आसपास उद्योग विकसित किए जाएंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के नजदीक हमीरपुर, जालौन में औद्योगिक पार्क बनाए जाएंगे।

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना के मुताबिक एक्सप्रेस-वे के किनारे 15 शहरों में करीब 9000 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की गई है।